हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में निकली...



08 सामाजिक समरसता और अनुशासन की सहभागिता...




## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कठोर कारावास

**विदिशा।** घर में घुसकर महिला से बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह निर्णय न्यायालय रिनी खान जेएमएफसी द्वारा 5 जनवरी को दिया गया। मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का है, जहां आरोपी द्वारा पीड़िता को लंबे समय से परेशान किया जा रहा था। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रियंका जैन ने प्रभावी पैरवी की, जिससे आरोपी को सजा दिलाई गई।

### मलखान सिंह बने यादव महासभा जिला अध्यक्ष

**विदिशा।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पद पर जनपद उपाध्यक्ष मलखान सिंह यादव को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर प्रदेशाध्यक्ष जगदीश यादव, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह यादव, प्रधान महासचिव वीरेंद्र सिंह यादव सहित पदाधिकारियों का मलखान सिंह ने आभार व्यक्त किया है। यादव समाज के लोगों ने नवयुक्त अध्यक्ष मलखान सिंह यादव को बधाई दी है।

### एनआरसी में हो रही कुपोषितों की देखभाल

**विदिशा।** जिले में कुपोषित बच्चों के बेहतर उपचार के लिए 19 जनवरी को 113 बच्चों को भर्ती किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि इन बच्चों को चिकित्सकीय देखरेख में विशेष पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षित चिकित्सक एवं पोषण विशेषज्ञों की टीम द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। साथ ही बच्चों की माताओं को भी पोषण, स्वच्छता एवं देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है, जिससे उपचार के बाद भी बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे।

### बीएसी, जनशिक्षक चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**विदिशा।** जिले में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक और अध्यापक जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 52 वर्ष से अधिक । हो ऐसे लोक सेवकों से बीएसी, जन शिक्षक के पदों पर चयन हेतु 1 जनवरी से 20 जनवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन आवश्यक सहपत्रों के साथ संबंधित ब्लाक के बीआरसीसी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अंतिम तिथि 20

**विदिशा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अंतिम तिथि 20 जनवरी है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने कुल 1392 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया जिले में स्थापित 2 उपार्जन केन्द्रों पर उपज बेचने 615 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराए हैं। जिनमें से अब तक 492 किसानों द्वारा धान बेची गई है। 90% धान का भंडारण कर लिया गया है। 7.29 करोड़ का भुगतान भी किया जा चुका है।

### समयबद्ध निराकरण से बढ़ी प्रभावशीलता

**विदिशा।** जिले में सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण के परिणामस्वरूप रैंकिंग में सुधार हो रहा है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। प्रशासन द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे आवेदकों की संतुष्टि का स्तर बढ़ा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक आवेदन का निराकरण समय-सीमा में हो।

## रामलीला मेले में 6वें दिन ताड़का - सुबाहू वध की लीला का मंचन हुआ, 21 को निकलेगी भव्य राम बारात, शहरवासी बनेंगे बाराती

**पूरा शहर करता है रामलीला मंचन की राम बाराता का इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मकर संक्रांति से प्रारंभ रामलीला मेले में छठवें दिवस सोमवार को ताड़का व सुबाहू वध की लीला का मंचन किया गया। लीला की शुरुआत अयोध्या के राजदरबार से होगी, जहां महाराज दशरथ अपने चारों राजकुमारों, सभासदों एवं मंत्रीगणों के साथ विराजमान रहते हैं।

मुनि विश्वामित्र का आगमन होता है, जो यज्ञ की रक्षा हेतु श्रीराम और लक्ष्मण को साथ ले जाने का आग्रह करते हैं। पुत्र वियोग से व्याकुल महाराज दशरथ के भावुक संवाद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। गुरु आज्ञा से श्रीराम-लक्ष्मण मुनि के साथ आश्रम पहुंचते हैं। जहां यज्ञ के समय राक्षसी ताड़का का वध भगवान श्रीराम द्वारा कर दिया जाता है। इसके बाद सुबाहू का संहार और मारीच को बाण से लंका भेजने की लीला दिखाई गई। ताड़का वध के समाचार से लंका में शोक का दृश्य भी मंचित होगा। आज मंगलवार को धनुषयज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद" की आकर्षक लीला होगी। समिति ने अधिक संख्या में दर्शन हेतु उपस्थित होने की अपील की है।



### ऐतिहासिक होगी 125वें वर्ष की श्रीराम बारात

ऐतिहासिक विदिशा नगरी में पुण्य सलिला माँ वेत्रवती के पावन तट पर आयोजित होने वाला श्रीरामलीला मेला इस वर्ष अपने गौरवशाली 125वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। धर्म दिवाकर पं. श्री विश्वनाथ जी शास्त्री द्वारा वर्ष 1902 में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रारंभ किया गया यह मेला निरंतर परंपरा और भव्यता के साथ आयोजित होता आ रहा है। 125वें वर्ष के उपलक्ष्य में 21 जनवरी को निकलने वाली भगवान श्रीरामचंद्र जी की बारात ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप में आयोजित होगी। दोपहर 2 बजे माधवगंज शिवालय से अलौकिक शोभायात्रा प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीरामलीला प्रांगण स्थित जनकपुरी पहुंचेगी। श्रीरामलीला मेला समिति व विभिन्न संगठनों द्वारा नगरवासियों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया है तथा मार्ग में मंगल कलश, तोरण, दीप व लाइटिंग से स्वागत की अपील की गई है। प्रशासन व पुलिस की समुचित व्यवस्था रहेगी।

### मसूड़ी गांव पहुंचकर हादसे में मृत हुए लोगों के परिजनों से मिले

## मनरेगा बचाओ चौपाल में दिग्विजय सिंह का केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला

**मसूड़ी गांव में दिग्विजय सिंह के साथ सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा भी पहुंचे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत देवपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह शामिल हुए। चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

चौपाल में दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य मनरेगा को कमजोर और समाप्त करना है। इसका मकसद गरीबों से रोजगार का अधिकार छीनना, राज्यों की ताकत खत्म करना और उस पैसे को अपने अरबपति मित्रों को देना है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की जिद से पूरा देश नुकसान उठा रहा है, रोजगार खत्म हो रहे हैं और गांवों की अर्थव्यवस्था टूट रही है। जब गांव कमजोर होंगे तो देश भी कमजोर होगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। यह मजदूर के सम्मान, रोजगार के अधिकार और गांवों की ताकत का प्रतीक है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि एसआईआर सर्वे में जिन पात्र मतदाताओं के नाम काटे गए हैं उन्हें पुनः जुड़वाने के लिए मतदाता सूची की गंभीरता से जांच की जाए। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, सीमा अहिरवार, गगनेंद्र रघुवंशी, पार्वती रघुवंशी, दीक्षा लोधी, लेखराज सिंह बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, अर्जुन राजपूत, अशोक त्यागी, सुरेन्द्र रघुवंशी, अनीस भाई, देवी सिंह बघेल, सुशील शर्मा, सोनू यादव, शरद शर्मा आदि मौजूद रहे।






विदिशा। मसूड़ी गांव में दिग्विजय सिंह के साथ सिरोंज विधायक शर्मा भी पहुंचे।

### सरकार के दावों को खोखला बताया

दिग्विजय सिंह ने सरकार के दावों को खोखला बताते हुए कहा कि हकीकत यह है कि किसान आज भी यूरिया के लिए भटक रहा है। किसान को लाइन में लगाकर सरकार जश्न मना रही है। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव की सरकार में प्रदेश का अन्नदाता बदहाल हो रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि जनता से चंदा उगाही कर सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं और भंडारे कराए जा रहे हैं।

### ग्रामीणों से की विरोध दर्ज कराने की अपील

दिग्विजय सिंह ने ग्रामीणों से मोबाइल से मिस कॉल देकर मनरेगा खत्म करने के खिलाफ विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायत कमेटियों के गठन पर जोर देते हुए पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। इसके बाद दिग्विजय सिंह मसूड़ी गांव पहुंचे। यहां हादसे में मृत और घायलों के परिजनों से मिले और उन्हे सांत्वना दी। इस दौरान सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा भी पहुंचे।

## राज्य स्तरीय पावर प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा जिले के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह चयन अर्नाल्ड हेल्थ क्लब पीतलमिल पर किया गया। ट्रायल में विदिशा शहर सहित जिले के समस्त विकासखंडों एवं तहसीलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चयन समिति एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में 13 एवं 14 फरवरी को सीहोर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। एसोसिएशन के सचिव एवं वरिष्ठ पावरलिफ्टर सरोज तिवारी द्वारा चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आगे राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर सहसचिव राजेश जोशी, कोषाध्यक्ष प्रमोद प्रभाकर, प्रीतम सिंह दांगी, कपिल तिवारी, अमन लोधी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। चयनित खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के निर्देश दिए गए।

### 5 वर्षीय मूक को 2 घंटे में परिजनों से मिलाया

**विदिशा।** जिले के थाना उनारसीकलां पुलिस ने मानवीय संवेदना, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए 5 वर्षीय मूक नाबालिग बालिका को मात्र 2 घंटे के भीतर सकुशल उसके परिजनों से मिलाकर मिसाल कायम की। 19 जनवरी को कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कल्याण रावजी मंदिर के पास एक छोटी बालिका रोती हुई असहाय अवस्था में घूम रही है, जो बोलने में असमर्थ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बालिका को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया। भयभीत बालिका नाम-पता बताने में असमर्थ थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## औरंगजेब के अत्याचारों के बीच गुरु गोविंद सिंह ने गुरु ग्रंथ साहब को सर्वधर्म समभाव चुनकर गुरु घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गांधी सुमिरन मंच और जिला सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में मां हॉस्पिटल सभागार में सर्वधर्म समभाव के अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित की गई।

स्वर्णकार कालोनी गुरुद्वारा के ज्ञानी जी ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रसंग सुनाते हुए सिख धर्म के सारगर्भित तत्वों का विवेचन किया। ज्ञानी जी ने कहा कि बाबर के आक्रमण के समय गुरु नानक ने यातनायें सहीं थीं उसी प्रकार औरंगजेब के अत्याचारों के बीच गुरु गोविन्द सिंह ने गुरु ग्रंथ साहब को सर्वधर्म समभाव चुनकर अगला गुरु घोषित किया। गोविंद सिंह के परिवार माता गूजरी देवी और साहिबजादों ने आत्मवत्व की महिमा बताते हुए बलिदान दिया। विषय की प्रतिपादन पूर्व प्राचार्य शोभा जैन ने किया। जिला सर्वोदय के जिला अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने सर्वप्रार्थना का वाचन ओर कार्यक्रम का संचालन केके पंजाबी ने किया। इस अवसर पर इंजीनियर दिनेश बाजपेई, केएन गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, जेके पंजाबी, रितेश साहू, देवेंद्र श्रीवास्तव, डॉक्टर कुसुम गर्ग, डॉक्टर परमानंद मिश्र, नरेंद्र ठाकुर, प्राचार्य के सिंह, प्रेम ठकुरेले आदि मौजूद रहे।




## रंगोत्सव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन, साकेत के 30 विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

**कार्यक्रम आयोजित छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने कुछ माह पूर्व राष्ट्रीय स्तर की रंगोत्सव प्रतियोगिता में 122 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

जिनमें से 30 विद्यार्थियों का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसको लेकर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव मौजूदद रहे। स्कूल के डायरेक्टर कुशाग्र दीक्षित एवं प्राचार्य प्रकाश शर्मा भी मौजूद रहे। चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर बच्चों के साथ बैठकर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्य अतिथि श्री जाटव ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि रंगोत्सव प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तर्कशक्ति, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का विकास करना है।

प्राचार्य ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए।



### अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्यस्तर पर भेजा जाएगा

## प्रतियोगिता में छात्रों ने खेला शह-मात का खेल

- **खेलो इंडिया गेम के तहत शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खेलो इंडिया गेम के तहत जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ।

जिला चेस एसोसिएशन के बैनर तले मगधम इंटरनेशनल स्कूल में हुई चेस प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत, अध्यक्ष सौमिल पलोड़, अर्जुन अवार्डी दिलीप थापा, उपाध्यक्ष अटल तिवारी मगधम स्कूल पहुंचे। जिला चेस के संयुक्त सचिव घनश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलो इंडिया गेम के आयोजन के तहत ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया था। जहां से चयनित खिलाड़ियों को इस खेल में शामिल किया गया। जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय खेल में भेजा जाएगा। शतरंज एसोसिएशन की तरफ से भेजे गए रेफरी की मौजूदगी में प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेल अधिकारी श्री रावत ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इस तरह के आयोजनों में भाग लेने के लिए तत्पर रहने प्रेरित किया।



**विदिशा।** शतरंच में खिलाड़ियों द्वारा चली जा रहीं चालों का अवलोकन करते हुए चेस एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### 16 वर्षीय बालिका को खोजकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई का परिचय दिया। एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस टीम ने सक्रिय सर्च अभियान चलाते हुए मात्र कुछ घंटों में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को खोज निकाला। बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा गया। यह कार्रवाई पुलिस की मानवीय एवं प्रभावी कार्यशैली को दर्शाती है।





# शासकीय जनचिकित्सालय में सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सोमवार को पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस गोलू सेन के नेतृत्व में अनेक युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम तहसीलदार अरविंद यादव को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि राजीव गांधी जनचिकित्सालय जिले का दूसरा बड़ा अस्पताल है। अस्पताल में उपचार के दौरान संबंधित डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीज के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग, अनदेखी की जाती है। स्टॉफ द्वारा ठीक से जवाब नहीं दिया जाता, सहयोग की बजाय अपमानजनक व्यवहार किया जाता है। जिससे मानसिक पीड़ा होती है। अस्पताल में इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। उक्त मामले की जांच कर संबंधित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। जिससे भविष्य में किसी भी मरीज के साथ ऐसा व्यवहार न हो। मरीजों को चिकित्सालय से दवाई न देने की जगह बाहर से मेडिकल की दवाई लिखी जाती हैं। बीमारी छोटी हो या बड़ी डॉक्टर द्वारा विदिशा, भोपाल रेफर कर दिया जाता है। एम्बुलेंस सेवा में भी लापरवाही की जाती है। अस्पताल में आम मरीजों को सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध नहीं है। अस्पताल में डिजिटल एक्सरे सुविधा नहीं है। क्लास वन डॉक्टर के पद वर्षों से खाली हैं। इनमें अर्थो सर्जरी ,दिल और मेडिसिन सर्जन की नियुक्ति की जाए, नवीन अस्पताल भवन बन चुका लेकिन पर्याप्त स्टाफ नहीं है, स्टाफ की नियुक्ति की जाए। नए अस्पताल भवन में प्रवेश व निर्गम द्वार, बाउंड्री बाल और डॉक्टर क्वार्टर, पोस्टमार्टम रूम आदि नहीं बना है, इनका शीघ्र निर्माण कराया जाए।

## 25 जनवरी तक आयोजित होगी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं महापुराण

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में निकली भव्य कलश यात्रा



गंजबासौदा। नगर के मुख्य मार्गों से निकली भव्य कलश यात्रा



गंजबासौदा। कलश यात्रा के दौरान प्रस्तुतियां देते कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं महापुराण महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा जनपद पंचायत स्थित देवी मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल कामधेनु कॉलोनी साईं मंदिर पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी, श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कलश यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कथा व्यास जुगल महाराज के सान्निध्य में निकली इस यात्रा में कथा के यजमान देवेंद्र चौकसे, रवि चौकसे, राहुल चौकसे परिवारजनों के साथ सिर पर पवित्र ग्रंथ धारण कर चलते नजर आए। कलश यात्रा में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं बैंड दल के साथ धर्मेंद्र द्वारा यात्रा की अगुवाई की गई। पीले वस्त्र धारण कर मातृशक्ति भी कलश लेकर अनुशासित रूप से शोभायात्रा में शामिल रही। नगर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा पुष्पवर्षा, जलपान तथा जयघोष के साथ कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पूरी यात्रा के दौरान वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा। आयोजकों ने बताया कि कलश यात्रा के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हो गया है, जिसमें कथा प्रतिदिन 25 जनवरी तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कामधेनु कॉलोनी में आयोजित की जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है।

## बासौदा मंडी भाव


सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3990
उच्चतम भाव-6170
सरसों
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7176
चना
न्यूनतम भाव- 4600
उच्चतम भाव- 5550
मसूर
न्यूनतम भाव-5650
उच्चतम भाव-7210
ज्वार
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-6900
मक्का
न्यूनतम भाव-1320
उच्चतम भाव- 1716
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2810
उच्चतम भाव-3561
धान
न्यूनतम भाव-1751
उच्चतम भाव-4036
धनिया
न्यूनतम भाव-7600
उच्चतम भाव-7600
बटरी
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6210
गेंहू
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3451

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 15492 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### जगद्गुरु, शोभायात्रा की पुष्पवर्षा से स्वागत की अपील



**गंजबासौदा।** सकल हिंदू समाज ने शहरवासियों और सनातन प्रेमियों से आयोजन समिति ने अपील की है कि जिन मार्गों से जगदगुरु का आगमन और कलश यात्राएं गुजरें, वहां श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर स्वागत करें। इससे नगर की सांस्कृतिक चेतना, अतिथि-सत्कार और हिंदू समाज की एकजुटता का संदेश दूर-दूर तक जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि समूचे हिंदू समाज का उत्सव है। पाठशाला में कलश यात्राओं की गूंज, शंख-नाद, पुष्पवर्षा और जगतगुरु के आशीर्वचन के साथ सनातन संस्कृति का विराट संगम साकार होगा, जहां एक पंगत, एक संगत से समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

### वार्षिक बैठक में नवीन इकाई का हुआ गठन

**गंजबासौदा।** रविवार को असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट इकाई गंज बासौदा की वार्षिक बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष राधा बल्लभ शारदा के निर्देशन एवं जिला अध्यक्ष गगन दुबे, जिला सचिव दीपेश जैन के मार्गदर्शन में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। अभिषेक तिवारी की द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक के दौरान नवीन इकाई के पदाधिकारियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु बृजेश राठौर को चुना गया वहीं उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अनुज श्रीवास्तव एवं अंकुर जैन को सौंपी गई।

## लायंस क्लब के कैंप का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लायंस क्लब द्वारा रघुवंशी धर्मशाला में एक्यूप्रेशर, काइरोप्रेक्टिक, मसाज, एवं मैग्नेटिक फिजियोथेरेपी के 6 दिवसीय कैंप का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी मौजूद रहे। लायंस क्लब अध्यक्ष विजय अरोरा ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है को चरितार्थ करते हुए क्लब द्वारा 6 दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप का शुभारंभ किया गया है। जिसमें जोधपुर के डॉक्टर वीआर चौधरी, डॉक्टर देवाराम जाखड़ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उक्त शिविर में 200 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस में मरीज का 6 दिन तक विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जाएगा। वहीं डॉक्टर वीआर चौधरी ने बताया कि शिविर में 36 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर शिविर का लाभ लिया है। शिविर 18 से 23 जनवरी तक सुबह 9 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से 7.30 बजे तक चलेगा। उक्त शिविर में गणेश राम रघुवंशी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दीपक तिवारी, अमित श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराध, मोबाइल हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसी समस्याओं से महिलाओं, बच्चियों और परिवार को सुरक्षित रखने हेतु राज्य शासन द्वारा "साइबर रक्षा" पहल के अंतर्गत शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें साइबर सेफ्टी एवं डिजिटल साक्षरता की पूरी जानकारी, मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय, बच्चों-बच्चियों व परिवार को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने की समझ, प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पूर्ण होने पर मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट महिलाओं एवं बच्चियों को दिया जाऐगा। यह प्रशिक्षण डिजिटल सुरक्षा की ढाल बनेगा, ताकि हमारी माता-बहनें और बेटियां किसी भी साइबर जाल में न फसें। उक्त प्रशिक्षण सीएसी किंडले के माध्यम से गंजबासौदा में आयोजित किया गया। जिसमें अमित जैन डिजिटल साक्षात्कार का कार्यक्रम देखते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया लाड़ली बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से जनपद पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नर्मदापुरम कार्यक्रम से विकासखंड की 52083 लाड़ली बहनों के खाते में 7.81 करोड़ की राशि अंतरण का लाइव प्रसारण जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी की उपस्थिति में दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया और उन्होंने सभी लाड़ली बहनों को मकर संक्रांति की शुभकामनाओं के साथ तिल और गुड के लड्डू बांटे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम से अपना टेस्ट भी कराया। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सेक्टर 1 बृजेंद्र प्रताप सिंह और सेक्टर 2 अधिकारी परितोष सोनकर ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नर्मदापुरम कार्यक्रम से लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरण की गई है। जिसका लाइव प्रसारण विभाग द्वारा जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में दिखाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से लाड़ली बहनों की शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन की जांच की गई। कार्यक्रम में आजीविका मिशन के प्रोडक्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

## आज पाठशाला में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार को नगर सनातन चेतना, हिंदू एकता और संगठन शक्ति के विराट उत्सव का साक्षी बनेगा। तारण तरण टीटी जैन पाठशाला में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के तहत दोपहर 2 बजे नगर की 11 बस्तियों की चारों दिशाओं से भव्य कलश यात्राएं प्रारंभ होगीं। ये यात्राएं जय स्तंभ पर संगम कर शोभायात्रा का रूप लेंगी और जय स्तंभ अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, मील रोड होते हुए पाठशाला ग्राउंड पहुंचेंगी। शोभायात्रा की सबसे विशेष बात यह रहेगी कि जगदगुरु डॉ रामकमलाचार्य वेदांती महाराज स्वयं शोभायात्रा में पैदल चलकर हिंदू समाज को एकता का संदेश देंगे। शाम 4 बजे मंच से जगतगुरु डॉक्टर वेदांती हिंदू समाज को एकता समरसता, भाईचारे, के रूप में अपने आशीर्वचन से संबोधित कर हिंदू समाज को एकजुट रहने का संकल्प दिलाएंगे। आयोजन समिति ने अपील की है कि हिंदू समाज सेवा-भाव के साथ घर-घर से निकलकर सम्मेलन में सहभागिता करे। मातृशक्ति, युवा, बुजुर्ग हर वर्ग की सहभागिता से यह आयोजन समरसता और सामाजिक सौहार्द का आदर्श प्रस्तुत करेगा। नगर और बस्तियों में पीले चावल देकर किए गए घर-घर संपर्क का व्यापक असर दिख रहा है। श्रद्धालुओं में उत्साह है और सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प भी। सम्मेलन में हिंदू समाज के अपार जन समूह सहभागिता को देखते हुए समरसता भोज के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। तारण तरण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में भंडारे की सामग्री तैयार की जा रही है। हलवाई टीम बूंदी और पूडी के निर्माण में जुटी है, ताकि समय पर और सुव्यवस्थित ढंग से प्रसादी वितरण हो सके। विराट हिंदू सम्मेलन में भोजन प्रसादी सामग्री की व्यवस्था को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने निरीक्षण किया। स्वयंसेवक व्यवस्थाओं में लगे हैं और अनुशासन व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सम्मेलन के लिए संत समाज ने हिंदू समाज से 50 हजार से अधिक हिंदुओं की सहभागिता का आह्वान किया है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी ने व्यापारियों से आग्रह किया है कि मंगलवार को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर शोभायात्रा में शामिल हों।

## लोकल यूथ सर्वेयर की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा





सोमवार को त्योंदा में लोकल यूथ महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम त्योंदा तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सर्वेयर की विभिन्न मांगों को पूरा करने की बात कही गई। ज्ञापन में कहा गया है कि राजस्व विभाग द्वारा लोकल यूथ सर्वेयर की नियुक्ति फसल गिरदावरी कार्य के लिए प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में जुलाई 2024 में ऑनलाइन पोर्टल द्वारा हुई थी। वर्तमान में फसल सर्वे और फार्मर आईडी, भूमि, ई केवाईसी जैसे काम पूरा किया एवं शासन द्वारा जारी एसआईआर सर्वे को पूर्ण करने में सहयोग किया। लेकिन फसल गिरदावरी खरीफ 2025 एवं फार्मर आईडी जैसे कार्य का पारिश्रमिक लोकल यूथ को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है जिसे शीघ्र प्रदान किया जाए। साथ ही उनकी कुछ अन्य मांगे भी ज्ञापन में शामिल रहीं।

### मां सहित उनकी नेशनल खिलाड़ी बेटियों को नपाध्यक्ष ने किया सम्मानित

# सम्मान के लिए नगर पालिका कलेक्टर को भेजेगी अनुशंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कभी-कभी एक सकारात्मक पहल पूरे समाज को नई दिशा दे देती है। नगर पालिका द्वारा किया गया हालिया सम्मान इसी का उदाहरण बना, जहां खेल प्रतिभा के साथ-साथ उस मां के संघर्ष को भी मंच मिला, जिसने सीमित संसाधनों में भी अपनी बेटियों के सपनों को टूटने नहीं दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई जानकारी के बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए नगर की स्टेट नेशनल खिलाड़ी श्रुति सिंह और उनके परिवार को सम्मानित करने का निर्णय लिया, जिसे शहरभर में सराहना मिल रही है। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव की पहल पर एथलेटिक्स की नेशनल खिलाड़ी श्रुति सिंह, उनकी मां अर्चना सिंह और ताइक्वांडो की स्टेट व नेशनल खिलाड़ी छोटी बहन श्रद्धा सिंह को सोमवार को नगर पालिका में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब सम्मान की शुरुआत मां अर्चना सिंह से की गई। अध्यक्ष ने कहा कि "यह सम्मान सबसे पहले मां का है, क्योंकि बेटियों की हर सफलता के पीछे आपकी प्रेरणा, धैर्य और अथक परिश्रम है। आपने संसाधनों की कमी को हौसले से हराया और बेटियों को आगे बढ़ने का आकाश दिया। उल्लेखनीय है कि नगर की विद्या वैली में अध्ययनरत कक्षा 12 की छात्रा श्रुति सिंह एथलेटिक्स में स्टेट के साथ-साथ नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर चुकी हैं। वहीं कक्षा 9 में अध्ययनरत श्रद्धा सिंह ने ताइक्वांडो में स्टेट और नेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर नगर को गौरवान्वित किया है। दोनों बहनों की इस सफलता के पीछे परिवार का निरंतर सहयोग, अनुशासन और संघर्ष की मजबूत नींव रही है। सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष ने बाधा दौड़ (हर्डल रेस) की नेशनल खिलाड़ी श्रुति सिंह एवं ताइक्वांडो की नेशनल खिलाड़ी श्रद्धा का माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। साथ ही यह घोषणा भी की कि आगामी गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में श्रुति सिंह को सम्मानित कराने नपा की ओर से कलेक्टर को अनुशंसा भेजी जाएगी। इसके अलावा नगर स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा, ताकि नगर के युवा खेलों की ओर प्रेरित हों। नपाध्यक्ष ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि परिवार के त्याग और अनुशासन का परिणाम होता है।

### एस के पाल ने रेल्वे स्टेशन अधीक्षक का पदभार संभाला



**गंजबासौदा।** स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर एसके पाल ने रेल्वे स्टेशन अधीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान अनेक शुभचिंतकों ने कार्यालय पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हे बधाई दी। बधाई देने वालों में कल्पेश शाह, रुपेन्द्र शर्मा गुड्डा, बलराम यादव सहित रेल कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### शिव पार्वती विवाह का वर्णन किया

**गंजबासौदा।** सावरकर चौक स्थित धनुष धारी मंदिर में हो रही शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास एलिया ने शिव विवाह चरित्र सुनाते हुए भगवान शिव-पार्वती के विवाह का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान शिव-पार्वती की झांकी श्रद्धालुओं के आकषर्णों का केंद्र रही। कथा व्यास ज्योति शंकर तिवारी ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा

क्र/PWD/2026/209
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
गंजबासौदा दिनांक 13/1/2026

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| ई-निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_475635_1 | Interception and diversion of Nallahs with STP works project of Ganjbasoda Town under SBM 2.0 | 19,36,31,000.00 | 968155.00 | 30000.00 | 28.01.2026 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

## रहली में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** विकासखण्ड रहली के ग्राम चनौआ बुजुर्ग में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन पर केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र मुरैना द्वारा मानव संसाधन विकास कार्यक्रम रबी 2026 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आईपीएम के घटक सस्य नियंत्रण, यांत्रिक, वानस्पतिक कीटनाशी, जैविक कीटनाशी और रासायनिक कीटनाशी घटकों के उपयोग करने की विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र मुरैना के डॉ कटियार, डॉ अभिषेक, वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी आनंद मुलेवा, चेतन बड़ोले, राहुल सिंह लोधी और जनपद सदस्य करणसिंह, सरपंच छोटू कुर्मी और उन्नतशील 50 से अधिक कृषकों की उपस्थिति रही।

## आज बीना में होने वाली जनसुनवाई स्थगित

**सागर।** सागर जिले के बीना विकासखंड में आगामी 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को होने वाली विशेष जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### प्रशासनिक क्षेत्र में इस प्रकार की तोड़फोड़ होना खड़े करता है कई सवाल

# अज्ञात लोगों ने ग्राम पंचायत ग्यारसपुर के शौचालय को रात में किया क्षतिग्रस्त

- शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का क्या है उद्देश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



ग्यारसपुर मुख्यालय स्थित पुरानी ग्राम पंचायत भवन से लगे सार्वजनिक शौचालय को अज्ञात लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर किस उद्देश्य से सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया गया।

जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर मुख्य मार्ग पर स्थित पुरानी पंचायत भवन, जो पत्थर और ईंटों से निर्मित एक मजबूत संरचना है तथा जिसकी छत पर फारसी की छत डाली गई है, उसी से सटा हुआ यह शौचालय बना हुआ है। अज्ञात लोगों ने इस शौचालय को नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि यह घटना ऐसे स्थान पर हुई है, जहां एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय सहित अन्य प्रमुख शासकीय कार्यालय स्थित हैं। ऐसे संवेदनशील और प्रशासनिक क्षेत्र में इस प्रकार की तोड़फोड़ होना कई सवाल खड़े करता है।

लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि इस घटना के पीछे किसी व्यक्ति का निजी स्वार्थ हो सकता है, जो शौचालय को तुड़वाकर अपने मकसद को पूरा करना चाहता हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकारी भवन और सार्वजनिक संपत्तियां भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। अब देखना यह होगा कि इस खबर के सामने आने के बाद शासन-प्रशासन और स्थानीय ग्राम पंचायत इस मामले में कितनी गंभीरता से कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

इस संबंध में जब ग्राम पंचायत ग्यारसपुर के सरपंच राजू कुशवाह से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी शौचालय क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। सरपंच ने आश्वासन दिया कि पंचायत की सीमा में पक्की दीवार खड़ी कर पुरानी पंचायत भवन एवं शौचालय को सुरक्षित और संरक्षित किया जाएगा, साथ ही अज्ञात लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने संकल्प से समाधान अभियान हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सुशासन व स्वराज के संकल्प को साकार करने तथा विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत शासन द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य शासन की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाना है।

### अपर कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा

सोमवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने अभियान के अंतर्गत लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड में सर्वे कर विभागवार आवेदनों का संकलन किया जाए तथा डोर-टू-डोर संवाद के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की अंतिम तिथि से पूर्व जिले में शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**अभियान चार चरणों में:** प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी में ग्राम पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां बनाकर घर-घर एवं शिविरों के माध्यम से आवेदन व शिकायतें एकत्र की जा रही हैं।

द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च में क्लस्टर व जोन स्तर पर शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च में विकासखंड एवं नगर स्तर पर शेष आवेदनों का निराकरण होगा। चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च में जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त लंबित प्रकरणों का समाधान एवं हितलाभ वितरण किया जाएगा।

### अभियान के तहत पोर्टल पर दर्ज होंगे आवेदन

अभियान के अंतर्गत सभी आवेदन विहित पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे और उनके निराकरण की सतत निगरानी की जाएगी। जिला कलेक्टर द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर शिविरों की समय-सारिणी तय की गई है। इस अभियान से जिले के हर पात्र नागरिक को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

## राम का अवतार अधर्म के नाश व धर्म की स्थापना के लिए हुआः अंकुर माधव

### रामजन्म उत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब




हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

डंगरवाडा में आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीरामकथा के अंतर्गत रामजन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय वर्णन किया गया।

कथा वाचक पंडित अंकुर माधव महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्म की दिव्य कथा सुनाते हुए कहा कि प्रभु का अवतार अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ।कथा के दौरान जैसे ही रामलला के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई, पूरा कथा पंडाल "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रामजन्मोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।पंडित अंकित माधव महाराज ने कहा कि श्रीराम का जीवन मानवता के लिए आदर्श है। वे मर्यादा, सत्य, त्याग और कर्तव्य के प्रतीक हैं। रामकथा हमें जीवन में संयम, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने बताया कि रामकथा से क्षेत्र में धार्मिक संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार हो रहा है। भाजपा नेता श्याम सुन्दर शर्मा,शिवराज यादव, अंशुज शर्मा ने कथा में पहुंच कर आशीर्वाद लिया।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाने और स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जन अभियान परिषद विदिशा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अंतर्गत जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत ग्रामों में भी स्वदेशी अपनाने और स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के संदेशों का संप्रेषण किया जा रहा है। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद, बासौदा द्वारा ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुल्हार के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला एवं युवा दिवस विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी एवं मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चना के साथ हुआ।

इस अवसर पर आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणजनों को स्वदेशी अपनाने, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण को ग्राम विकास की आधारशिला बताया। ग्राम के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी शिक्षक नेतराम विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी कार्य को परिणाम तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए तथा जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं ग्राम के उपसरपंच श्री राधेलाल अहिरवार ने गांव में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से श्री अनिल खरे ने बच्चों के टीकाकरण एवं महिलाओं के संतुलित खान-पान के महत्व पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू के छात्र मोनू विश्वकर्मा ने गीत के माध्यम से प्राचीन भारत एवं विकसित भारत की संकल्पना प्रस्तुत की, जबकि छात्रा वैशाली अहिरवार ने देशभक्ति गीत से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई तथा ग्राम में रैली के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई गई। साथ ही गांव की दीवारों पर ष्स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ जैसे नारों का लेखन भी किया गया।

## महाराणा प्रताप के मुगलों के आगे न झुकने का साहस हमें प्रेरणा देता है

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



सोमवार को वीर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दुर्गा नगर चौराहे स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन ने महाराणा प्रताप के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, बलिदान और अदम्य साहस का प्रतीक है। वे कभी मुगल शासकों के आगे नहीं झुके और उन्होंने भारत की आन, बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विधायक टंडन ने आगे कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप का शौर्य और पराक्रम आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के सामने कभी घुटने नहीं टेके और अंतिम सांस तक मातृभूमि की रक्षा की। लगभग 57 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ, लेकिन उनका संघर्ष और बलिदान अमर है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों से समाज और युवा वर्ग को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश को एकजुट करने और अत्याचारियों का डटकर मुकाबला करने का कार्य किया। उनकी वीरता और स्वाभिमान को भारतवासी सदैव याद रखेंगे। इस अवसर पर विधायक के साथ भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## मोनी अमावस्या पर काली माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन



**सिरोंज।** मोनी अमावस्या के पावन अवसर पर अलीगंज पहाड स्थित काली माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन धार्मिक आयोजन की शुरुआत पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के द्वारा की गई थी। तभी से यह आयोजन प्रतिवर्ष निरंतर श्रद्धा और आस्था के साथ किया जा रहा है। अखंड रामायण पाठ के दौरान मंदिर परिसर राममय वातावरण से गुंजायमान रहा। आयोजन के समापन अवसर पर विधिवत हवन-पूजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बिहारी पाण्डेय,सत्यनारायण शर्मा,सरसिज शर्मा,दीनदयाल शर्मा,मनमोहन साहू,संतोष चोरे सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे और उन्होंने रामायण पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# लटेरी के हिंदू सम्मेलन में गूंजा सामाजिक समरसता सनातन एकता, राष्ट्रभक्ति का स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी




सकल हिंदू समाज लटेरी के तत्वावधान में आयोजित हिंदू सम्मेलन एवं विशाल भंडारा ऐतिहासिक रूप से भव्य और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

श्री हनुमान मंदिर, तपोवन भूमि तालाब परिसर में आयोजित इस विराट आयोजन में लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिसमें मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु रामानंदाचार्य काशी पीठाधीश्वर स्वामी डां. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने अपने प्रेरक संबोधन में सनातन धर्म की एकता, भारतीय संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सेवा पर विशेष बल दिया।

महाराज श्री ने समस्त हिंदू समाज से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़कर समर्पित भाव से राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने भारत को नेतृत्वकारी राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विश्व मंगल और कुटुंब प्रबोधन (परिवार संस्कार) का संदेश दिया।

जिला प्रचारक (गंजबासौदा) राकेश परमार ने संघ की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए "पंच परिवर्तन की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्यों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की बात कही।

कार्यक्रम का सशक्त और प्रभावशाली संचालन वेदांश वेदांकुलम द्वारा किया गया। उनकी ओजस्वी वाणी और देशभक्ति से ओत-प्रोत भारतीय गीतों ने जनमानस को राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर कर दिया। सम्मेलन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिनमें ऑपरेशन सिंधु, आरंभ है प्रचंड और जागो तो एक बार हिंदू जागो जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं।

## गोशालाओं में नस्ल सुधार के प्रयास रंग लाए, गिर नस्ल की बछड़ी का हुआ जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला गौसंवर्धन बोर्ड एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले की गौशालाओं में संरक्षित गौवंश के नस्ल सुधार हेतु निरंतर और योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ एन के शुक्ला ने बताया कि गौशाला संचालकों को उन्नत नस्ल के नंदी से ही प्राकृतिक अथवा कृत्रिम गर्भाधान कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य गौशालाओं में जन्म लेने वाली बछड़ियों की पशुपालकों के घर ससम्मान वापसी सुनिश्चित करना तथा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

जिले में किए जा रहे ये प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। इसी क्रम में विकासखंड कुरवाई स्थित गोपाल गौशाला, महलुआ चौराहा में रविवार सायं एक सुंदर गिर नस्ल की बछड़ी का जन्म हुआ है, जो नस्ल सुधार कार्यक्रम की सफलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। गौशाला संचालक संजीव रघुवंशी ने बताया कि आगामी समय में गौशाला में कुछ और गायों के ब्याने की संभावना है, जिससे और भी अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले में नस्ल सुधार के इन प्रयासों से गौवंश की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होगा। गोपाल गौशाला के संचालक संजीव रघुवंशी के प्रयासों की सराहना करते हुए जिले के अन्य सभी गौशाला संचालकों से भी इस गौशाला द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का अनुसरण करने की अपील की है।

## निगम के बकाया करों की वसूली हेतु गोपालगंज व वृंदावन वार्ड में आयोजित किया गया शिविर

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा बकाया करों की वसूली को लेकर नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार सोमवार को राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी की उपस्थिति में गोपालगंज एवं वृंदावन वार्ड में वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए अपने नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि जमा की। शिविर में राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा करदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा सरल प्रक्रिया के माध्यम से करों का भुगतान कराया गया। नागरिकों ने कहा कि वार्ड स्तर पर शिविर से उन्हें नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं।

# परीक्षा डर का विषय नहीं, बल्कि त्यौहार की तरहः शिक्षक मन्नू ठाकुर

## न्यू एरा कोचिंग क्लासेस के विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



नगर के कुरवाई रोड स्थित अंनत श्री गार्डन में न्यू एरा कोचिंग क्लासेस द्वारा एक प्रेरक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कोंचिग संचालक शिक्षक मन्नू ठाकुर ने परीक्षा से पूर्व बच्चों को बताया कि परीक्षा डर का विषय नहीं, बल्कि एक त्यौहार की तरह है। वही यह विदाई समारोह परीक्षा की तैयारी के अंतिम चरण में संपन्न हुआ। जहां छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षक श्री ठाकुर ने अपने प्रेरणादायक भाषण से छात्रों में उत्साह भरा और उन्हें परीक्षा को उत्सव मानकर देने का संदेश दिया। यह पूरा कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों के बीच भावुक क्षणों से भरा रहा। शिक्षको ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा मेहनत का फल है और इसे खुशी से स्वीकारें। इससे छात्रों का परीक्षा भय दूर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसे आयोजन कोंचिंग संस्थानों की सकारात्मक पहल को दर्शाते हैं। यह समारोह न्यू एरा कोचिंग के छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक सिद्ध हुआ। वही छात्र परीक्षा के लिए प्रोत्साहित होकर निकले और मार्गदर्शन संस्थान की सफलता का आधार बना हुआ है। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक गजेन्द्र यादव,रवि राजपूत,कमलेश कुशवाह सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

### बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन दिशाहीन

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षक गजेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थ हीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार होती है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन मे अग्रसर होता है, सही गलत में अंतर कर सकते हैं। अगर बच्चों को उच्च एवं संस्कारित शिक्षा दी जाए तो बच्चा आगे चल कर अपने परिवार के साथ साथ देश एवं राष्ट्र हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं और देश को विकास के रास्ते तक ले जा सकते है। वही शिक्षक कमलेश कुशवाह ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के लिए कितनी ज़रूरी है, यह समझाना बहुत जरूरी है। यह ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास देती है, रोजगार दिलाती है, सामाजिक कुरीतियों को मिटाती है, और देश के विकास में मदद करती है, जिससे व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। शिक्षा अंधकार को दूर करती है और उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। वही उन्होने कहा कि शिक्षा हमें सोचने, समझने और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता देती है, साथ ही दुनिया को एक नए नजरिए से देखने में मदद करती है। यह आत्मविश्वास, नैतिक मूल्य, संवेदनशीलता और अनुशासन सिखाती है। अच्छी शिक्षा बेहतर नौकरी के अवसर देती है, जिससे आय बढ़ती है और गरीबी कम होती है। यह सामाजिक समरसता, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाती है, जिससे समाज से कुरीतियां हटती हैं। शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और उसे अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन जीने में सक्षम बनाती है। एक शिक्षित नागरिक देश के विकास और समृद्धि में योगदान देता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पायल अरोरा पत्नि श्री अभिषेक अरोरा निवासी बालकदास की तलैया विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान/प्लॉट जो बालकदास की तलैया विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. क्षेत्रफल 993.6 वर्गफिट जिसकी चतुसीमाएं उत्तर में- रेखा जैन का मकान, दक्षिण में- मेनरोड ,पूर्व में- मेला ग्राउण्ड रोड, पश्चिम में- मांगीलाल साहू का मकान है यह कि उक्त संपत्ति उनके द्वारा विक्रेता श्रीमति अनीता छुगानी पत्नि श्री सुरेश कुमार छुगानी निवासी महिला कल्याण केन्द्र के सामने विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. से ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP452732023A11385712 दिनांक 20-01-2023 के माध्यम से क्रय की थी उक्त संपत्ति विक्रेता श्रीमति अनीता छुगानी द्वारा पूर्व विक्रेता श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मोहनलाल छुगानी निवासी बालकदास की तलैया विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. से क्रय की थी जिस का विक्रय पत्र/ग्रंथ क्रमांक 4831 दस्तावेज क्रमांक 2039 है एवं विक्रय पत्र दिनांक 12-09-2006 है उक्त संपत्ति वर्तमान में मालिक श्रीमति पायल अरोरा पत्नि श्री अभिषेक अरोरा निवासी बालकदास की तलैया विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. है उक्त संपत्ति की लिंक डीड विक्रय पत्र/ग्रंथ क्रमांक 4831 दस्तावेज क्रमांक 2039 है एवं विक्रय पत्र दिनांक 12-09-2006 कहीं खो गई है यदि उक्त लिंक डीड या उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त सम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर,नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र.
मो.9685965100

## हिंदू सम्मेलनों में सामाजिक समरसता का लिया संकल्प , एकता अनुशासन का पढ़ाया पाठ

### जिले में रायसेन सहित बरेली, बाड़ी, सांची सहित अनेक स्थानों पर हुआ सकल हिंदू समाज के भव्य सम्मेलनों का आयोजन

# सामाजिक समरसता और अनुशासन की सहभागिता राष्ट्र निर्माण की नींवः नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्रीराम लीला मैदान में उमड़ा सकल हिंदू समाज, 5 हजार ने लिया एकजुटता का संकल्प

रायसेन। नगर के श्रीराम लीला मैदान में आयोजित सकल हिंदू सम्मेलन ने सामाजिक एकता और समरसता का भव्य प्रदर्शन किया। सम्मेलन की शुरुआत में कलश यात्रा खुन-खुन लाल श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सम्मेलन स्थल पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संघ के विभाग कार्यवाहक नवीन जी जोशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने उदबोधन में पंच परिवर्तन का आह्वान करते हुए कहा कि एकता में ही समाज की शक्ति निहित है। समाज यदि संगठित रहेगा तो निश्चित रूप से नए युग का निर्माण होगा। उन्होंने सामाजिक समरसता, अनुशासन और सहभागिता को राष्ट्र निर्माण की नींव बताया।

सम्मेलन में सकल हिंदू समाज के सभी वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप दिया। साध्वी रागिनी दीदी तथा भगवान सिंह मीणा प्रमुख रूप से मचासीन रहे। कार्यक्रम के समापन पर लगभग 5 हजार लोगों ने एक साथ बैठकर समरसता भोज किया, जो सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बना।

सम्मेलन से पूर्व डीजे और बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसा कर श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया, जिससे पूरा शहर धार्मिक भगवा रंग में रंगा नजर आया।





### सांची में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

13 जनवरी से प्रारंभ हुआ हिंदू सम्मेलन आज 19 जनवरी को बड़े विशाल रूप में सांची के रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। भारी संख्या में ढोल नगाड़ों के साथ जगह-जगह से विशाल रेलियों के साथ जयकारों और भारत माता की गूंज से सांची भगवा मय हो गया। रामलीला मैदान में भूमि पूजन एवं ध्वज रोपण सम्पन्न होने के बाद आज सोमवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ इस आयोजन की तैयारीयां चार दिन से लगातार चल रही थी पूरी सांची को भगवा में मय बना दिया गया था सकल हिंदू समाज के लोगों ने घर-घर जाकर पीले चावल देकर लोगों से महां आयोजन में आने का आग्रह किया था।

इस आयोजन में महिलाओं द्वारा सिर पर कलश रखकर शोभा यात्रा मैं शामिल हुई और शोभा यात्रा में पीले झंडे पीले वस्त्र धारण किए हुए बुजुर्ग युवा महिलाओं बच्चों की गरिमा मय उपस्थित देखने को मिली संत महात्माओं की उपस्थिति उनके प्रवचन से पूरा पंडाल भक्ति मय हो गया हिंदुओं को एकजुट और एक साथ और जाति भाव को खत्म करके सिर्फ एक



### हिंदू सम्मेलन में समरसता और एकता पर जोर

बाड़ी। नगर में सोमवार को सकल हिन्दू समाज सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलायें एवं बालिकायें सिर पर कलश हुए चल रही थी कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहूंची। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साध्वी रंजना दीदी उपस्थित रहीं हिंदू सम्मेलन में मंच पर बाड़ी में निवासरत 36 समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नगर के प्रमुख धर्माचार्य जिनमें श्री देवनारायण त्रिपाठी , संजय शास्त्री , मुक्तानंद महाराज बपौली मांगरोल, श्री श्री 1008 राजेश्वरानंद जी ब्रह्मचारी जी पाली, दिगम्बर ब्रह्मचारी जी किवलाझिर सिद्ध धाम एवं मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विदिशा विभाग के विभाग प्रचारक श्री सौरभ सिंह जी के द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष में संघ के द्वारा पंच परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया कि हिन्दू समाज में व्याप्त भेद भाव को मिटाने एवं समरसता पर जोर दिया गया संगठित हिन्दू समर्थ भारत पर बल दिया गया धर्माचार्य द्वारा धर्म सभा में हिन्दू एकता एवं संगठन के विषय पर विस्तार से बताया गया

हिन्दू सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल पर संघ के 100वर्षों की यात्रा की प्रदर्शनी लगाई गई सनातन धर्म के प्रतीक चिन्ह यज्ञशाला, तुलसी पूजन गो पूजन को दिखाया गया। एवं नगर के सहभोज कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पत्ते की थाली , पत्ते का दोना एवं कागज़ के ग्लास का उपयोग किया गया जो जिससे नगर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश संपूर्ण नगर में पहुचा। इस सम्मेलन में पूरे नगर के हिन्दू समाज की पूर्ण सहभागिता रही हर वार्ड से अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू समाज के लोगों की सहभागिता रही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 80 स्वयंसेवकों ने दिन रात तन, मन, धन से सहयोग किया।

### शिव बापौली धाम में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में पांच हजार लोगों ने किया समरसता भोजन

## हिंदुओं का संगठित और जागरूक होना जरूरी-सौरभ सिंह



बरेली। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को शिव बापौली धाम में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 5-7 हजार नर नारियों की उपस्थिति रही। हिन्दू सम्मेलन के दौरान ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा भारत माता की भव्य झांकी सजाई गई वहीं बापौली धाम की संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत में भाषण दिए गए।

बापौली धाम में आयोजित विराट समरसता हिन्दू सम्मेलन में पूज्य ब्रह्मचारी जी ,पूज्य लाल बाबा जी ,ब्रजकिशोर जी महाराज कुटी बोरास ,मुक्तानंद महाराज के साथ संघ के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह मुख्य वक्ता की उपस्थिति रही।

संघ के शताब्दी वर्ष में संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला बनी हुई है इसी के अंतर्गत बापौली धाम में हुए हिन्दू सम्मेलन के दौरान प्रसिद्ध कथा व्यास महामंडलेश्वर पूज्य ब्रह्मचारी जी एवं मुख्य वक्ता सौरभ सिंह ने कहा कि जिस प्रकार की देश और प्रदेशों के साथ अन्य देशों में हिंदुओं के साथ अत्याचार और हत्याएं धर्म के नाम पर हो रही हैं। हिंदुओं का संगठित जागरूक होना जरूरी है हिन्दू सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा पांच सामाजिक परिवर्तन की विस्तार से चर्चा कर सक्रियता पूर्वक कार्य करने का आवाहन किया गया।

कार्यक्रम में स्थान की कमी होने के बाद भी आसपास के दर्जनों ग्रामों से हजारों हिन्दू नर नारियों युवाओं बच्चों की भारी उपस्थिति रही हिन्दू सम्मेलन के समापन बाद हजारों हिन्दू नर नारियों का सामूहिक समरसता भोज हुआ। छुआ छुत का भेदभाव दूर करने हिन्दू एकता और समरसता का संदेश दिया गया।

---

### खबर संक्षेप

#### मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में आज से 7 दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव

बरेली। नर्मदा जयंती पर प्रतिवर्ष अनुसार सात दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव का धार्मिक आयोजन 19 से 25 जनवरी तक मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में आयोजित हो रहा है जिसकी तैयारियां पूज्य ब्रह्मचारी जी की देखरेख निर्देशन में हो रही है। नर्मदा जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन महा रुद्राभिषेक के साथ श्री नर्मदा महापुराण महत्व कथा का आयोजन होगा। 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर उपनयन संस्कार के साथ विद्यार्थियों को ब्राह्मी पिलाने और 25 जनवरी को नर्मदा जयंती पर ऋषिईश्वर महिला मंडल द्वारा नर्मदा मैया को चुनरी अर्पण दीपदान महा आरती इत्यादि के कार्यक्रम होंगे। मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल नर्मदा मैया के उत्तर तट स्थित आश्रम में 24 वा वर्ष नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन हो रहा है। 19 जनवरी को नर्मदा जयंती महोत्सव का पूज्य ब्रह्मचारी जी द्वारा साधु संतो, उपस्थिति में शुभारंभ होगा।

## पॉलीथिन फैक्ट्री में भीषण आग, दो घंटे में पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

नगर के टोल नाका के समीप पॉलिथीन फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया।

112 पर सूचना मिलते ही सूखी सेवनिया थाने के ए एसआई राजेश दंडोतिया, पायलट मनोज कटारा द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, तैयार माल और मशीनरी जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक फैक्ट्री मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## ट्रैफिक पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक से दिया नियमों का संदेश

### सड़क सुरक्षा माहः आमजन को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस रायसेन द्वारा सोमवार को शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सचेत करना रहा। रैली शहर के ट्रैफिक थाना महामाया चौक से शुरू होकरनपा कार्यालय भवन होते हुए इंडियन चौराहे से प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जहां ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ युवाओं और सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया।रैली के दौरान विभिन्न चौराहों पर युवा कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कलाकारों ने रोचक अंदाज में बताया कि थोड़ी-सी लापरवाही कैसे बड़े हादसे में बदल सकती है।




## ठेकेदार की लापरवाहीः खुले छोड़े हुए पानी के गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

थाना बाड़ी के तहत नगर में निर्माणाधीन सांदीपनी स्कूल भवन में ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते शुक्रवार को 3 वर्षीय मासूम बच्चे की पानी के गडढ़े में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ठेकेदार द्वारा परिसर में खुले में बनाई गई पानी की टंकी/गड्ढे में खेलते-खेलते बच्ची गिर गया, जिससे डूबने बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बच्चा जबलपुर से काम करने आए मजदूर की 3 साल का बेटा था। निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी।

न तो गड्ढे को ढंका गया था और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए थे, जो सीधे तौर पर ठेकेदार की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

## बलवा, जानलेवा हमले के सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि रायसेन। जिले के सलामतपुर पुलिस ने असाधारण तत्परता दिखाते हुए बलवा कर हत्या के प्रयास के गंभीर मामले में मात्र 18 घंटे के भीतर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। 18 जनवरी को फरियादी विशेष शाक्या पिता नारायण सिंह शाक्या, उम्र 18 वर्ष, जाति कोरी, निवासी ग्राम अंबाड़ी, ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथियों के साथ ग्राम हिनोतिया में क्रिकेट मैच खेलने गया था। मैच समाप्त होने के बाद दोपहर करीब दो बजे वह हर्षित साहू एवं जितेंद्र शाक्या के साथ एक ही बाइक से वापस ग्राम अंबाड़ी आ रहा था। जब वे ग्राम बासियां के आगे ईंट-भट्ठे के पास पहुंचे।तभी ग्राम सत्ती निवासी सोहेब खान, राशिद खान, मुशर्रफ खाँन, मुबारिक खान, तोहिद खान, तोहिद खान का छोटा भाई एवं अन्य ने रास्ता रोक लिया। सभी आरोपी डंडे व धारदार हथियारों से लैस थे। पूर्व में क्रिकेट मैच के दौरान हुई कहासुनी को लेकर आरोपियों ने एक राय होकर फरियादी व उसके साथियों के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। पुलिस अधिकारियों द्वारा उनके ठिकानों पर दविश देकर सातों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।



---

### सेहत के साथ स्वाद का बढ़ता चलन, तली चीजों से बन रही दूरी

# फ्रूट सलाद, स्प्राउट्स और मिल्क बन रहे पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में सेहत को लेकर लोगों की जागरूकता लगातार बढ़ रही है। इसका असर अब खानपान की आदतों में भी साफ नजर आने लगा है। तला-भुना और जंक फूड छोड़कर लोग अब फ्रूट सलाद, स्प्राउट्स और दूध को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।

सुबह के नाश्ते में जहां पहले पराठा, कचौरी या समोसे की मांग रहती थी। वहीं अब फल, अंकुरित अनाज और दूध की बिक्री बढ़ गई है। ठंड हो या गर्मी, हर मौसम में लोग हल्का, पौष्टिक और जल्दी पचने वाला भोजन पसंद कर रहे हैं।

#### सेहतमंद विकल्पों की ओर रुझान

बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के चलते लोग अब अपने खानपान को लेकर पहले से अधिक सजग हो गए हैं। तले-भुने और जंक फूड की जगह अब सेहतमंद विकल्पों की मांग तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टरों और पोषण विशेषज्ञों के अनुसार फ्रूट सलाद, स्प्राउट्स और दूध जैसे खाद्य पदार्थ शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि फ्रूट सलाद विटामिन, मिनरल और फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। वहीं स्प्राउट्स में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है, जो मांसपेशियों की मजबूती और शरीर की ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होता है। दूध कैल्शियम का प्रमुख स्त्रोत माना जाता है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत रखने में मदद करता है। इन्हीं कारणों से युवा वर्ग, महिलाएं और बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के लोग अब इन पौष्टिक आहारों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं।



#### बाजार में बढ़ी मांग

फल विक्रेताओं प्रेम कुशवाहा असलम राइन का कहना है कि पिछले कुछ समय में सेब, पपीता, केला, अनार और मौसमी फलों की मांग में इजाफा हुआ है। वहीं अंकुरित मूंग, चना और सोयाबीन भी आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। डेयरियों पर दूध की नियमित बिक्री बनी हुई है।



#### तस्वीरों में भी दिखा ट्रेंड

सोशल मीडिया पर भी लोग अपने हेल्दी ब्रेकफास्ट की तस्वीरें साझा कर रहे हैं, जिसमें फ्रूट सलाद, स्प्राउट्स और दूध प्रमुख रूप से नजर आ रहे हैं। यह साफ संकेत है कि शहर अब स्वाद के साथ-साथ सेहत को भी बराबर महत्व दे रहा है।

# किसान की लागत बढ़ रही, लेकिन उचित दाम नहीं मिल रहे : ठाकुर

### किसान जन आंदोलन यात्रा 22 को करेगी तहसील के ग्रामों में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कृषि की लागत लगातार बढ़ रही है। लेकिन किसान की फसल के दाम नही बढ़ रहे है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है जो कि हमेशा ही किसानो के साथ अन्याय करने के साथ ही उन पर झूठे पुलिस प्रकरण बनाती है।

सरकार को किसानों की उपज का उचित मूल्य देना चाहिए। यह कहना हैं किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह का। उन्होने बताया कि किसानो की विभिन्न मांगो को लेकर जिले भर में किसान कांग्रेस द्वारा किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जा रही है।

#### किसान यात्रा सिंगपुर में होगी समाप्त

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह के नेतृत्व में द्वारा निकाली जा रही किसान जन आंदोलन यात्रा का संयोजक आदिवासी नेता कुंअर धर्मवीर सिंह को बनाया गया है। किसान जन आंदोलन यात्रा 22 जनवरी को सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ से सुबह के समय प्रारंभ होगी। जो कि ग्राम फुलमार, छींद, जैथारी, बीकलपुर, मगरमोली,मढ़िया देवरी, मुआर, चिचोली ग्राम पहुंचेगी। जहां कि किसानो से संवाद किया जाएगा। जन आंदोलन यात्रा का रात्रि विश्राम सिलवानी में होगा। दूसरे दिवस 23 जनवरी को यात्रा सांईखेड़ा, खैरी, कीरतपुर, पड़रिया आदि गांव से होते हुए सिंगपुर ग्राम पहुंच कर समाप्त होगी।

#### दारुल उलम फारुकिया मैदान में 23 जनवरी को होगा कार्यक्रम

सिलवानी। नगर के दारुल उलम फारुकिया मैदान में आगामी 23 जनवरी को मुस्लिम त्योहार कमेटी व अहले बस्ती सिलवानी के द्वारा जलसा पयाम ए इंसानियत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में विशेष रुप से हजरत मौलाना मुफ्ती तसव्वुर हुसैन साहब फलाही, नाजिम ए आला जामिया इस्लामिया बंजारी महू इंदौर, अबू तालिब साहब रहमानी, सदस्य, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, हजरत मौलाना मुफ्ती महफूज साहब कासमी अफरीदी,सहभागिता करेगें।